पत्रांक–7/MDMC4- 01/07............... /

**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**

प्रेषक,

निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला प्रभारी पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार।

पटना, दिनांक .................

विषयः जिला के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, वरीय शिक्षक, शिक्षा समिति के सचिव का मोबाईल नं० तथा विद्यालय ID नं० एक स्थायी रजिस्टर में संधारित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मध्याह्न भोजन योजना के अनुश्रवण हेतु दिनांक 19.04.12 से दोपहर प्रणाली लागू किया गया है। इस हेतु प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, वरीय शिक्षक तथा तदर्थ विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव का अद्यतन मोबाईल नं० का उपलब्ध रहना आवश्यक है। इस हेतु प्रखंड स्तर पर निम्नलिखित प्रपत्र में आवश्यक सूचना एक स्थायी रजिस्टर में संधारित किया जाना है :

| क्रम सं० | प्रखंड का नाम | विद्यालय का नाम | विद्यालय का ID नं० | प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक का नाम | मोबाईल नं० | वरीय शिक्षक का नाम | मोबाईल नं० | तदर्थ शिक्षा समिति के सचिव का नाम | मोबाईल नं० | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | |

अतः सभी जिला प्रभारी पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना जिला के प्रत्येक प्रखंड के लिए एक स्थायी रजिस्टर प्रमाणित करते हुए प्रखंड साधन सेवी को उपलब्ध करायेगें।

2. प्रखंड साधन सेवी का यह दायित्व होगा कि उपर्युक्त प्रपत्र के अनुसार प्रत्येक विद्यालय से संबंधित आवश्यक सूचना उक्त स्थायी रजिस्टर में अंकित करेगें तथा

3. शिक्षकों के स्थानान्तरण तथा किसी अन्य कारण से यदि उपर्युक्त व्यक्ति मे से किसी का भी मोबाईल नं० बदल जाता है तो प्रखंड साधन सेवी संबंधित व्यक्ति से नया मोबाईल नं० प्राप्त कर उक्त रजिस्टर में नया मोबाईल नं० अंकित करेगें ।

4. जिला प्रभारी पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना समय–समय पर उक्त रजिस्टर का निरीक्षण करेगें तथा यदि कोई मोबाईल नं० बदल गया हो तो इस आशय की सूचना निदेशालय को देगें।

5. रजिस्टर में एक विद्यालय के लिये कम से कम एक पृष्ट तुरंत आवंटित करें ताकि स्थानान्तरित शिक्षक तथा शिक्षा समिति के नये सदस्य का मोबाईल नं० अंकित करने में सुविधा हो।

अतः उपर्युक्त के अनुसार सभी प्रखंडों के लिये एक स्थायी रजिस्टर दिनांक 20.05.12 तक निश्चित रूप से तैयार कर लिया जाए ताकि ''दोपहर'' प्रणाली के पूर्ण क्षमता का उपयोग किया जा सके।

ह०/–
**(राहुल सिंह)**
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः 587 / पटना, दिनांक 16.5.12

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(राहुल सिंह)
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।